तापमान
अधिकतम 26.8 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025


ऊर्जा पार्क में खिले गेंदे का फूल बना आकर्षण का केंद्र।



### उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन
## मौसम विभाग का अलर्ट, कोहरे से होगा सामना, शीतलहर से कांप रहा है जिला

**बिलासपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर दिशा से आ रही हवा के कारण कोहरा छा की आशंका व्यक्त की जा रही है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। प्रदेश के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

राजधानी रायपुर समेत अधिकांश जिलों में सुबह के समय घरा कोहर छा रहा है। बिलासपुर भी इससे अछूता नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी छत्तीसगढ़ में शनिवार सुबह घने कोहरे और कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को प्रभावित हो रहा है। खास बात यह है कि सर्द हवाओं के आने के बाद से ठिठुरन बढ़ चुकी है और अलाव जालने की नौबत आ चुकी है। सुबह के समय ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्यता शून्य हो गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में 10 से 15 मीटर की दूरी पर भी वस्तुएं स्पष्ट नहीं दिख रही थीं। इस स्थिति के कारण सड़कों पर आवाजाही में कमी आई, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सुबह 11 बजे के बाद ही आसपास कोहरा छटने पर धूप का अनुभव हो रहा है। लगातार न्यूनतम तापमान में आधा डिग्री की गिरावट आई, बिलासपुर में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया लेकिन पेंड्रा में तापमान 6.5 डिग्री जा पहुंचा है,लोग ठंड से बचने के लिए अलाव जलाते नजर आ रहे है।



### कोहरे की जद में उत्तरी छत्तीसगढ़

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर-पश्चिमोत्तर दिशा से आ रही हवा के कारण कोहरा छा रहा है। मौसम विज्ञानी एएम भट्ट ने बताया कि शनिवार को इस सीजन का सबसे घना कोहरा देखा गया। अगले 24 घंटों में नए विक्षोभ के प्रभाव से गर्म हवा का प्रवाह होगा, जिससे न्यूनतम तापमान में वृद्धि की संभावना है। हालांकि, जैसे ही विक्षोभ का प्रभाव कम होगा, ठंड फिर से बढ़ेगी।रात के समय सर्द हवाएं शरीर को कंपकंपा रही हैं, वहीं सुबह के वक्त हल्का से मध्यम कोहरा दिखाई दे रहा है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है, जिससे न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। ठंड का असर घरों के भीतर भी महसूस किया जा रहा है।

### 31 जनवरी का मजा होगा दोगुना

पर्यटक और आमजन इस सुहावने मौसम का भरपूर आनंद उठा सकेंगे। दरअसल शहर में ठंड का असर अब केवल मौसम तक सीमित नहीं है, यह रोजमर्रा की जिंदगी में साफ झलकने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 7 दिनों में ठंड अपने तेवर ओर बढ़ा सकता है, ऐसे में लोगों के लिए 25 दिसंबर से 31 जनवरी के बीच ठंड का मजा दोगुना होने वाला है।



**कोहरे का असर**

- सुबह 9 बजे आने वाली ट्रेन पहुंची शाम 5 बजे के बाद

### सारनाथ रद्द और उत्कल 9 घंटे लेट

उत्तर भारत में कोहरे के कारण छपरा से उसलापुर होकर दुर्ग जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को अलग-अलग दिनों में रद्द किया गया है। वहीं हरिद्वार और दिल्ली की ओर से आने वाली उत्कल एक्सप्रेस को लेट रवाना किया जा रहा है, जिसके कारण उत्कल एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन सुबह 9 बजे के बजाय शाम 5 बजे के बाद पहुंच रही है।

बढ़ती ठंड की वजह से उत्तर भारत में कोहरे का काफी असर हो रहा है। इसकी वजह से कई फ्लाइट को रद्द किया जा रहा है। वहीं कोहरे की वजह से ट्रेन परिचालन भी प्रभावित हो गया है। चालकों को कोहरे की वजह से रेल लाइन और सिग्नल देखने में भी काफी परेशानी हो रही है। उत्तर भारत की ओर से उसलापुर, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग स्टेशन में आने वाली मुख्य ट्रेन नई दिल्ली-बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस, निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस, बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस, नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस, ऋषिकेश हरिद्वार से बिलासपुर होकर पुरी की ओर जाने वाली एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों को घंटो विलंब से संबंधित स्टेशन से रवाना करने का आदेश जारी किया गया है। इन ट्रेनों में रेलवे बोर्ड के आदेश पर पूर्व में 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को 20, 24, 27, 29 एवं 31 दिसम्बर को, जनवरी माह में 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 को, फरवरी माह में 2, 4, 7, 9, 11, 14 तारीख को और 15160 दुर्ग से उसलापुर होकर छपरा जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 21, 23, 25, 28 एवं 30 दिसम्बर को, जनवरी माह में 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 को, फरवरी माह में 1, 3, 5, 8, 10, 12, 15 तारीख को रद्द किया जा चुका है। इन दिनों कें अलावा सारनाथ एक्सप्रेस जिस दिन चल रही है, उस दिन कोहरे के कारण ट्रेन की लेट लतीफी भी बनी हुई है। इसके साथ ही बिलासपुर आने वाली सबसे जरूरी ट्रेन में उत्कल एक्सप्रेस है, जो दो धार्मिक स्थल के बीच चलाई जा रही है। ऋषिकेश से पुरी और पुरी से ऋषिकेश के बीच चलने वाली उत्कल एक्सप्रेस की चाल ऐसी हो गई है कि ट्रेन को बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंचने में सुबह से शाम हो रहा है। रविवार को भी ऋषिकेश से पुरी जाने वाली उत्कल एक्सप्रेस सुबह 9 बजे के बजाय शाम 5 बजे के बाद बिलासपुर स्टेशन पहुंची। इसके अलावा पुरी से हरिद्वार जाने वाली उत्कल ने भी बिलासपुर स्टेशन पहुंचने में 6 घंटे का विलंब कर दिया।

### आंगन बाड़ी सहायिका भर्ती आवेदन 29 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत ग्राम पंचायत हथनी क्रमांक 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद के लिए 29 दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका 29 दिसम्बर तक सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन कर सकती हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिल्हा एवं कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

### हाईकोर्ट बार चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को
#### 9 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट बार एसोसियेशन चुनाव के लिए जारी शेड्यूल के मुताबिक आगामी 5 फरवरी को मतदान होगा और मतों की गिनती अगले ही दिन 6 फरवरी को कराई जायेगी। इससे पहले 15 दिसंबर को बकाया शुल्क जमा करने के बाद 17 दिसंबर को अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार सदस्यों के लिए दावा आपत्ति दो जनवरी से 5 जनवरी तक की जा सकेगी। 9 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। नामांकन पत्रों का वितरण 12 से 16 जनवरी तक किया जाएगा। अंतिम बार 19 जनवरी को नामांकन जमा किए जा सकेंगे। जांच के बाद उमीदवारों की प्रारम्भिक सूची 21 जनवरी को प्रकाशित होगी, इसके बाद 23 जनवरी शाम तक अपने नाम वापस लिए जा सकेंगे। उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 27 जनवरी को होगा। पांच फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतों की गिनती 6 फरवरी को होगी और विजयी उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र 10 फरवरी को शाम 4 बजे दिए जाएंगे।

### हाईकोर्ट में आज से 31 दिसंबर तक अवकाश, रजिस्ट्री खुली रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 22 दिसंबर से 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। इस दौरान 22 से 24 दिसंबर तक रजिस्ट्री कार्यालय खुला रहेगा, जबकि 26 से 31 दिसंबर तक यह बंद रहेगा। इसके अतिरिक्त, हाई कोर्ट प्रत्येक रविवार और महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को बंद रहेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने वर्ष 2026 के लिए जिला न्यायालयों का अवकाश कैलेंडर जारी कर दिया है। नए कैलेंडर में सालभर के त्योहारों, राष्ट्रीय पर्वों, बंद शनिवारों, ग्रीष्म और शीतकालीन अवकाश का पूरा विवरण शामिल है। हाईकोर्ट द्वारा जारी सूची के अनुसार, गणतंत्र दिवस, होली, राम नवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, अंबेडकर जयंती, ईद-उल-फितर, बकरीद, मुहर्रम, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, गांधी जयंती, दशहरा, दीपावली, गुरु नानक जयंती, गुरु घासीदास जयंती और क्रिसमस जैसे प्रमुख त्योहारों पर छुट्टी रहेगी। दशहरा और दीपावली पर एक से अधिक दिन की छुट्टियां तय की गई हैं।

कैलेंडर के मुताबिक, हर रविवार अवकाश रहेगा, जबकि हर महीने दूसरा और तीसरा शनिवार जिला न्यायालयों में बंद दिवस रहेगा। ग्रीष्म अवकाश 18 मई से 12 जून 2026 तक और शीतकालीन अवकाश 24 दिसंबर से 31 दिसंबर 2026 तक घोषित किया गया है। ईद-उल-फितर, ईद-उल-अजहा और मुहर्रम जैसे त्योहारों की तिथि चांद दिखने पर निर्भर होने के कारण बदल सकती है। इसके अलावा, जिला स्तर पर घोषित स्थानीय अवकाश कलेक्टर की घोषणा के बाद ही लागू होंगे। वहीं, राज्य शासन द्वारा घोषित अचानक अवकाश को भी जिला अदालतें तभी मानेंगी जब उसे हाईकोर्ट की स्टैंडिंग कमेटी की अनुमति मिल जाएगी। जिला न्यायालयों के कर्मचारी और अधिकारी वर्षभर में उपलब्ध सूची से तीन वैकल्पिक अवकाश, जबकि न्यायिक अधिकारी अधिकतम 15 दिन का अवकाश ले सकते हैं।



- वर्ष 2026 के लिए जिला न्यायालयों का अवकाश कैलेंडर भी जारी

### अटल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कुलोत्सव कल से

**बिलासपुर।** स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में 23 दिसंबर से तीन दिवसीय कुलोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन केवल स्मरण का नहीं, बल्कि अटल जी के लोकतांत्रिक आदर्शों, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र-दृष्टि को जीवंत करने का उत्सव है। कुलोत्सव का शिखर एवं भव्य दिन 25 दिसंबर को होगा – जो भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती का पावन दिन है। इस विशेष संयोग से यह दिन पूरे आयोजन का भावनात्मक एवं प्रतीकात्मक शिखर बिंदु बन जाएगा। कुलोत्सव का शुभारंभ नारायण नामदेव की उपस्थिति में होगा। क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला की सहभागिता आयोजन को जन-प्रतिनिधित्व प्रदान करेगी।

**हरिभूमि**
**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति—दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*   **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर




ऑन लाईन स्पेशल ₹~~699~~ एवं उससे अधिक वाली
एक्सपोर्ट क्वालिटी 100% कॉटन
इलास्टिक वाली फिटेड सिंगलबेड 3 बेडशीट ₹449 में
size 140 cm x 190 cm
अविश्वसनीय रेट ऑफर...
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 1 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
5% CASHBACK* SBI card
*Min. Trxn.: ₹2,350; Max. Cashback: ₹250 per card account; Validity: 13 Dec 2025 - 04 Jan 2026. T&C Apply.
*condition apply

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने नेहरू चौक पर केंद्र सरकार के विरोध में किया प्रदर्शन



**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी ( शहर /ग्रामीण ) द्वारा 21 दिसम्बर को नेहरू चौक पर विरोध—प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसजन हाथों में तख्ती लेकर केंद्र सरकार विरोध में नारे बाज़ी किए। इससे पहले कांग्रेसजन पहले कांग्रेस भवन में इकट्ठा हुए फिर नारा लगाते हुए नेहरू चौक पहुंचे । केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री कभी मनरेगा को ताबूत की आखिरी कील बोलकर उपहास उड़ाते थे, पर इससे इनका दिल नही भरा और उसका नाम बदल कर व्ही बीजी राम जी रख दिया। उसमे ऐसे ऐसे प्रावधान किया गया है कि भविष्य में योजना बंद हो जाए। शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ने 125 दिन रोजगार देने की गारंटी के नाम पर बड़ा खेल खेला है। पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री कांग्रेस के सभी जनहित योजनाओ को एक एक कर खत्म कर रही है। प्रदर्शन में ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी, विजय पांडेय, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, देवेंद्र सिंह, आशीष गोयल, जितेंद पांडेय, भुवनेश्वर यादव, राकेश शर्मा, समीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, विनोद साहू, गीतांजलि कौशिक, लक्ष्मीनाथ साहू, झगरराम सूर्यवंशी, रणजीत सिंह आदि मौजूद थे।

### विहिप के क्षेत्र सेवा प्रमुख पांडे का शहर आगमन पर स्वागत



**बिलासपुर।** विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी विभूति भूषण पांडे को क्षेत्र सेवा प्रमुख बनाए जाने पर बिलासपुर जिला विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी शुक्रवार को नगर आगमन पर रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। हाल ही में हस्तिनापुर में आयोजित केंद्रीय बैठक में संगठनात्मक क्षमता, एवं सेवाभाव को ध्यान में रखते हुए विभूति भूषण पांडे को भोपाल क्षेत्र सेवा प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिलासपुर आगमन पर जिले के विभाग मंत्री राजीव शर्मा के नेतृत्व में जिला मंत्री विक्रांत केशरवानी द्वारा उनका विशेष अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रांत सह कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, प्रांतीय सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी प्रीति दुबे, जिला कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, नगर अध्यक्ष राकेश गोयल, सुरक्षा प्रमुख राजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में जिला एवं नगर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने विभूति भूषण पांडे के नेतृत्व में संगठन के विभिन्न आयामों को प्रदेश स्तर पर और अधिक सुदृढ़ होने की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उनके अनुभव और नेतृत्व से विहिप कार्य और अधिक प्रभावी होंगे तथा सेवा प्रकल्पों का विस्तार व्यापक स्तर पर किया जाएगा। श्री पांडे ने कहा कि संगठन का उद्देश्य राष्ट्रसेवा और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित है, और इसी पथ पर वे पूर्ण निष्ठा के साथ काम करेंगे।

### श्री सर्वेश्वरी समूह कोनी ने बगधरा एवं गौरखुरी में बांटे 122 कम्बल



**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह कोनी ने बगधरा एवं गौरखुरी में किया 122 कम्बल का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी (कोनी ) द्वारा 21 दिसंबर रविवार को कोटा ब्लॉक के दूरस्थ जंगलों में निवासरत ग्रामीणों एवं बैगा जनजातियों के मध्य ग्राम बगधरा एवं गौरखुरी में युवा संगठन के सहयोग से 122 कम्बल का वितरण किया गया।

### रायपुर में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन 24 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा 24 दिसंबर को रायपुर में कर्मचारियों की लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा, प्रदेश समन्वयक जीआर चंद्रा एवं अनियमित कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौरव साहू ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर शासन के निर्देशानुसार संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन, अनुकंपा नियुक्त प्राप्त लिपिक एवं कर्मचारियों का लंबित परिवीक्षा अवधि समाप्त करने, राज्य में विभिन्न संवर्गों के रिक्त पदों की पूर्ति, तृतीय श्रेणी के विभिन्न संवर्गों के कर्मचारियों की पदोन्नति एवं समय वेतनमान, लिपिकों को समाज शिक्षक संगठक के पद पर पदोन्नति एवं विभागीय परीक्षा आयोजित करने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का वित्त निर्देश 31/2017 के तहत कर्मचारी भविष्य निधि की कटौती तथा प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 के तहत कटौती करने तथा समाज कल्याण विभाग जिला धमतरी सहित विभिन्न जिलों में नियम विरुद्ध भर्ती एवं पदोन्नति तथा पदस्थापना के संबंध में राज्य स्तरीय समिति का गठन कर नियमानुसार जांच करने जैसे मांगों को लेकर 24 दिसंबर को रायपुर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा।

### वाहन चालक जल संसाधन विभाग के लहरे जिलाध्यक्ष व राही सचिव नियुक्त

**बिलासपुर।** छग शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ छग रायपुर के प्रांताध्यक्ष मनीष कुमार ठाकुर द्वारा



वाहन चालक जल संसाधन विभाग बिलासपुर को छत्तीसगढ़ शासकीय वाहन चालक, यांत्रिकीय कर्मचारी संघ का संत कुमार लहरे को बिलासपुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह नर्मदा प्रसाद राही वाहन चालक जल संसाधन विभाग बिलासपुर को संभागीय सचिव नियुक्त किया गया है।

---

**अब हड़बड़ा रहे राशन कार्डधारी** | नहीं मिलना है जनवरी का राशन, बीते एक साल से केवायसी अपडेट कराने कहा जा रहा था

# केवायसी के लिए खाद्य विभाग में उमड़ रही कार्डधारियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केवायसी अपडेट नहीं कराने वाले राशन कार्डधारियों को जनवरी माह में राशन का आबंटन प्राप्त नहीं होने की सूचना पर अब राशन कार्डधारियों में खलबली मची हुई है। केवायसी के लिए अब खाद्य विभाग के आफिस में राशन कार्डधारियों की भीड़ लगी हुई है। विभाग द्वारा केवायसी अपडेट कराने के लिए कार्डधारियों को बीते एक साल से प्रेरित किया जा रहा था।

राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्यों का केवायसी अपडेट किया जाना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में अब केवायसी नहीं कराने वालों को जनवरी महीने में जारी किया जाने वाला राशन का आबंटन प्राप्त नहीं हो सकेगा। इस बात की जानकारी होते ही आबंटन रूक जाने के भय से अब कार्डधारियों की भारी भीड़ खाद्य विभाग के कार्यालय में नजर आने लगी है। लोग आफिस खुलने से लेकर देर शाम तक विभाग में अपना केवायसी अपडेट कराते नजर आ रहे हैं। विभाग द्वारा इसमें कार्डधारियों का पूरा सहयोग किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द केवायसी से छूटे कार्डधारियों को भी



इससे जोड़ा जा सके। ज्ञात हो कि जिले में कुल राशन कार्डों की संख्या 5 लाख 66 हजार है, जिसमें 18 लाख 28 हजार सदस्यों के नाम दर्ज हैं। इनमें 1 लाख 85 हजार सदस्यों के द्वारा आज दिनांक तक केवायसी नहीं कराया गया है। केवायसी नहीं कराने वाले ये सदस्य एपीएल कार्डधारी हैं। इनमें से ज्यादातर लोग आमतौर पर राशन दुकानों से खाद्यान्न का उठाव नहीं करते हैं। जिन लोगों को खाद्यान्न की प्रतिमाह जरूरत होती है, उन्होंने तो ईमानदारी से केवायसी अपडेट करा लिया है, लेकिन जिन्होंने लंबे समय से खाद्यान्न का उठाव नहीं कराया है उनके लिए सरकार ही यह मान रही है कि इन्हें खाद्यान्न एवं केवायसी अपडेट कराने में कोई दिलचस्पी नहीं है। केवायसी अपडेट कराने का काम बीते एक साल से किया जा रहा है, लेकिन लगातार प्रयासों के बाद भी शत प्रतिशत आंकड़ा पूरा नहीं हो सका है। आखिरकार अब शासन को केवायसी अपडेट नहीं कराने वालों का जनवरी महीने का आबंटन रोकने जैसा निर्णय लेना पड़ा है।

#### कार्ड अपडेट करा लेना चाहिए

जिन कार्डधारियों के केवायसी अपडेट नहीं हो सके हैं, उन्हें जल्द से जल्द करा लेना चाहिए। विभाग में इन दिनों बड़ी संख्या में कार्डधारी केवायसी के लिए पहुंच रहे हैं।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

---

पल्स पोलियो अभियान: पोलियो की दवा पिलाई गई

# जिले में 2 लाख 62 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई गई 'दो बूंद ज़िंदगी की'





राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान जिला अस्पताल में बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाते कलेक्टर डॉ. संजय अग्रवाल एवं नगर निगम महापौर पूजा विधानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में जिले के 2 लाख 62 हजार 816 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। जिले ने निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 94.49 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है।

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और महापौर पूजा विधानी ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजकिशोर नगर में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। जिला स्तरीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ मातृ एवं शिशु अस्पताल, जिला चिकित्सालय बिलासपुर महापौर पूजा विधानी एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया।

जिला अस्पताल में इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल,डॉ. अनिल गुप्ता सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. गायत्री बांधी, डॉ. रक्षित जोगी जिला सर्विलेंस अधिकारी/शहरी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सुश्री प्यूली मजूमदार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। अभियान के पहले दिन 21 दिसंबर को जिले में 1520 बूथों तथा ट्रांजिट दल/मोबाइल टीमों के माध्यम से बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। शेष बच्चों को कवर करने के लिए अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन 22 व 23 दिसंबर को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिनों द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

#### कलेक्टर ने पालकों और अभिभावकों से की अपील

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के समस्त पालकों एवं अभिभावकों से अपील की है कि 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कोई भी बच्चे पोलियो खुराक से वंचित न रहें। घर-घर भ्रमण के दौरान आने वाली स्वास्थ्य टीमों को सहयोग प्रदान कर अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने में सहभागी बनें।

---



### तोखन ने किया एनटीपीसी में उद्घाटन व भूमिपूजन

**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत द्वारा सीएसआर के अंतर्गत परियोजना प्रभावित गांवों में लगभग 6.25 करोड़ रुपए की लागत से किए जा रहे विकास कार्यों का उद्घाटन एवं भूमिपूजन ग्राम पंचायत कर्रा में किया गया। इस अवसर पर 4.53 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया जबकि लगभग 1.72 करोड़ रुपए की लागत से किए जाने वाले प्रस्तावित विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन एवं भूमिपूजन मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक दिलीप लहरिया, राजेश सूर्यवंशी, पूर्व विधायक डा. कृष्ण मूर्ति बांधी, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सीपत के विजय कृष्ण पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजना प्रभावित ग्राम पंचायतों-कर्रा, सीपत, गतौरा, रलिया, जांजी, देवरी, कौड़िया, रांक एवं दर्राभाटा-में कुल 12 विकास कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जिनका इस अवसर पर उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही चार नए विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया।

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित एनटीपीसी सीपत विभिन्न राज्यों को बिजली आपूर्ति कर रही है तथा निर्माणाधीन 800 मेगावाट की परियोजना के पूर्ण होने के पश्चात देश के विकास में इसकी भूमिका और अधिक सशक्त होगी। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी , पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी एवं सरस्वती देवी जनपद अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त किए।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर अरुणा सूर्या एवं राजेन्द्र धीवर, सरस्वती देवी, मनोज खरे, उषा देवी कैवर्त, रेवाशंकर साहू, सुश्री मंजु देवी कुर्रे एवं अंजनी पटेल, जयंती पटेल, विक्रम प्रताप सिंह, मनीषा वंशकार, चन्द्रकली पाटले, सरिता साहू, रीता रात्रे, रेखा सांडे एवं मीना वस्त्रकार आदि मौजूद थे।

---


### एनआईटी व सीवीआरयू के बीच एमओयू

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर और डॉ. सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी बिलासपुर के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू का उद्देश्य जॉइंट रिसर्च प्रोजेक्ट्स, फैकल्टी एक्सचेंज और स्टूडेंट मोबिलिटी प्रोग्राम को बढ़ावा देना है।



इस अवसर पर नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी रायपुर के निदेशक प्रो. डॉ. एन.वी. रमना राव एवं डॉ. सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों संस्थानों ने इस सहयोग को अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार की दिशा में एक अहम कदम बताया। एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थान मिलकर सस्टेनेबल एनर्जी, जल संसाधन प्रबंधन और एडवांस्ड मटीरियल जैसे समकालीन एवं सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण विषयों पर संयुक्त अनुसंधान करेंगे। इसके साथ ही शोधार्थियों और फैकल्टी सदस्यों के लिए साझा प्रयोगशालाओं का उपयोग तथा को-ऑथर शोध प्रकाशनों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। एक सेमेस्टर अवधि के स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के माध्यम से अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट विद्यार्थियों को पार्टनर संस्थान में रिसर्च इंटर्नशिप, विशेष वर्कशॉप और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे विद्यार्थियों को बहुआयामी शैक्षणिक अनुभव प्राप्त होगा। एमओयू साइनिंग सेरेमनी नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रायपुर परिसर में आयोजित की गई, जिसमें दोनों विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी, फैकल्टी सदस्य और शोधकर्ता उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने इस साझेदारी को छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय इनोवेशन इकोसिस्टम को सशक्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। दोनों संस्थानों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह अकादमिक सहयोग भविष्य में ऐसे कुशल और नवोन्मेषी स्नातकों के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा, जो बदलते औद्योगिक और सामाजिक परिदृश्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।




### बिरला ओपन माइंड स्कूल की स्पिरिट हाउस विजेता और लेगसी उपविजेता

**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल, मोपका बिलासपुर में दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के प्रेसिडेंट विनोद कुमार जैन, चेयरमैन डॉ विशाल कुमार जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ रेशु जैन के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में अतिथि डीएसपी पंकज अवस्थी, चेयरपर्सन, जीटीबी कॉलेज डॉ. पलक जायसवाल, एथलीट रोहन शाह तथा चंचल सलूजा थे। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या सुतापा सरकार उप-प्रधानाचार्य परितोष कुमार छत्री की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। खेलों में टग वार, कबड्डी, खो-खो, दौड़ सहित अन्य विभिन्न एथलेटिक एवं टीम स्पोर्टस प्रतियोगिता आयोजित की गई। अंतिम दिन विशिष्ट अतिथि चेयरमैन ऑफ़ आईसीएआई मनीष सखूजा , डॉक्टर एम एस धपोला, हरप्रीत कौर होरा, सीए विशेष अग्रवाल, सीए शामिल हुए। मुख्य अतिथियों ने पुरस्कार एवं मेडल वितरण विद्यार्थियों को किया गया। जिसमें विजेता टीम स्पिरिट हाउस एवं उपविजेता टीम लेगसी हाउस को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### श्री मंगला हॉस्पिटल में भव्य निशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**हेल्थ प्लस**

**बिलासपुर।** श्री मंगला हॉस्पिटल में आज मनोरोग चिकित्सा को लेकर एक भव्य निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में डॉ. प्रकाश नारायण शुक्ला एवं उनकी 12 सदस्यीय विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक लगभग 150 से अधिक मरीजों ने मनोरोग परामर्श एवं उपचार का लाभ लिया। मरीजों और उनके परिजनों में इस पहल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। लाभार्थियों ने शिविर के लिए श्री मंगला हॉस्पिटल, डॉ. प्रकाश नारायण शुक्ला एवं उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. प्रकाश नारायण शुक्ला ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मनोरोग उपचार कोई नया विषय नहीं है, बल्कि भारत में इसका इतिहास अत्यंत प्राचीन है। उन्होंने कहा कि हमारे वेदों और प्राचीन ग्रंथों में भी मानसिक स्वास्थ्य और उसके उपचार की विस्तृत व्याख्या मिलती है, जिसे आज आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और अधिक सुदृढ़ रूप में आगे बढ़ा रहा है।

---

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

# जनजातीय परंपरा - संस्कृति का संरक्षण और उत्थान तभी सफल होगा, जब सामूहिक मन होगा : नामदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर, "भारतीय जनजातियां: सांस्कृतिक विरासत एवं महानायकों की भूमिका" विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ प्रो बंश गोपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि नारायण नामदेव, वैभव सुरंगे, डॉ. मुकेश कुमार सिंह, ललित मिश्र । समारोह की अध्यक्षता ओपन विवि के कुलपति प्रो. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत ने की। विशिष्ट अतिथि ललित मिश्र ने कहा कि पं सुंदरलाल शर्मा



पत्रिका का विमोचन करते अतिथि।

बहुप्रतिभा के धनी थे। वे समाज सुधारक, साहित्यकार, राजनीतिज्ञ, मूर्तिकार, रंगकर्मी रहे। उन्हें हिंदी, छत्तीसगढ़ी, उर्दू, अंग्रेजी, उड़िया, बंगला जैसे अनेक भाषाओं का ज्ञान था।1906 में पहली बार छत्तीसगढ़ प्रांत का उल्लेख करते हुए अलग राज्य की मांग की। वे छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वप्नकार थे, आज उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि नारायण नामदेव ने कहा कि हम इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में जनजातीय परंपरा व उनके संस्कृति के संरक्षण एवं उत्थान के लिए चिंतन मनन कर रहे हैं, यह तभी सफल होगा, जब सामूहिक मन होगा। केवल सरकार की ही मंशा से कुछ नहीं किया जा सकता । वेद सिंह मरकाम ने कहा कि जनजातीय वर्ग के लोगों को केवल धोती पहने जंगल में रहने वाले के रूप में ही नहीं देखना चाहिए। पूरे देश में पाए जाने वाले ज्ञान संस्कृति को देने वाले जनजातीय समाज है। मुकेश सिंह ने बताया कि हमें नरेटिव और विमर्श में शोध करने की आवश्यकता है। वनवासी से नगरवासी तथा शहरवासी बने है इसे समझने की जरूरत है।

#### शिक्षा का उद्देश्य विकास करना

मुख्य अतिथि प्रो बंश गोपाल सिंह ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में भी सहयोग, प्रेम और एकता की भावना रखने वाले जनजातीय समाज ही है, आज भी उनकी संस्कृति और कार्य पर गर्व करने वाले लोग है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों, महिलाओं, अभावग्रस्त लोगों का विकास करना है।

### समाज को कैसे न्याय मिले ऐसी शोध पद्धति हमें विकसित करनी चाहिए: कुलपति



शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथि का सम्मान करते कुलपति।

कुलपति प्रो. वी. के. सारस्वत ने बताया कि प्रधानमंत्री का सपना है भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने। इसे पूरा होने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी हो जो चरित्र का निर्माण करें, शोध व शिक्षा में भारतीय दर्शन हो, दया और करुणा का भाव पैदा करें। समाज को कैसे न्याय मिले ऐसी शोध पद्धति हमें विकसित करनी चाहिए। ऐसे में शिक्षा से समरसता आएगी और समाज में आत्म सम्मान का भाव आएगा। आयोजन के दौरान अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन भी किया गया। प्रथम सत्र में वक्ता वैभव सुरंगे, डॉ प्रकाश मसराम, वक्ता इंद्र भगत, राजीव शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. बीना सिंह, चंद्र भूषण मिश्र, डॉ. अनीता सिंह आदि का सहयोग रहा।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## जागरूक परिवार स्वस्थ शिशु निवारण पर संगोष्ठी



**बिलासपुर।** दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाला राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सक्षम इकाई द्वारा दिव्यांगता के कारण एवं निवारण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर कृष्णा पाठक रहे, इस अवसर पर डॉक्टर गौरी शंकर साहू,डॉ भूमिका साहू,माधुरी तिवारी, एस रविशंकर ने भी संगोष्ठी में भाग लिया। मुख्य वक्ता ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान कुछ सावधानियां रखकर कुछ हद तक दिव्यांगता को कम किया जा सकता है, जागरूक परिवार स्वस्थ शिशु,इस प्रोजेक्ट के तहत सक्षम लगातार काम कर रहा है। इस अवसर पर दिव्यांगों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से, दिव्यांग एवं सकलांग महिला कार्यकर्ताओं ने रैंप वॉक भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में परंपरा अनुसार गीत संगीत का कार्यक्रम भी हुआ जिसमें पार्वती साहू, सुमीता दास गुप्ता एवं अंजलि चावड़ा ने भाग लिया, कार्यक्रम में निर्मल कुमार घोष ,शेफाली घोष, पूनम पांडेय ,राजेश पांडेय, आरती अनंत श्रुति केसरवानी, मंदाकिनी साहू, कांति रजक, सीता प्रधान, सीता साहू, ईशा मानिकपुरी, बबली निषाद, शीतल पटेल आदि उपस्थित रहे।

एग्जाम

## पंचायत सदस्यों की संख्या व गोधन न्याय योजना कब लागू हुई बताइए



**बिलासपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को एक पाली में सुबह 11 से दोपहर 1:15 तक हाईकोर्ट के केमिस्ट के पदों पर शहर के 11 सेंटरों में परीक्षा ली गई। नोडल अधिकारी शिव कुमार कंवर ने बताया कि इस परीक्षा में 3 हजार 834 अभ्यर्थीयों ने आवेदन किया था, जिसमें 1879 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई 1955 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहें। परीक्षार्थियों ने बताया कि छत्तीसगढ में गोधन न्याय योजना कब लागू हुई,पंचायतों में सदस्यों की संख्या व नारायल पाल मंदिर कहां पर है जैसे प्रश्न पूछे गए। कैमेस्ट्री के प्रश्नों ने परेशान किया जिसका परिणाम पर असर पड़ेगा। परीक्षार्थी अलोक शर्मा ने बताया कि दो घंटे की इस परीक्षा में 100 अंक का प्रश्नपत्र था जिसमें हर प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित था। बतादें की व्यापमं द्वारा जारी दिशा निर्देशों में परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। सुबह 10:30 बजे तक अभ्यर्थियों के प्रवेश की अनुमति थी इसके बाद किसी भी को प्रवेश नहीं दिया गया। अभ्यर्थियों की प्रवेश से पहले कड़ी फ्रिस्किंग हुई, परीक्षा 11 बजे शुरू हो गई थी। देर से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षार्थी ने सुदीप घोष ने बताया कि व्यापम की इस परीक्षा में वन फोर्थ माइनस मार्किंग था, इससे परीक्षार्थियों ने बड़े सूझबूझ से प्रश्नों को हल किया।

आयोजन

## उपभोक्ता अधिकारों, कर्तव्यों की दी गई जानकारी



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने हॉस्पिटैलिटी प्रोग्राम के मल्टीफंक्शनल ऑफिस एसोसिएट के छात्रों को उपभोक्ता जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया। प्रांत महिला प्रमुख सुश्री सुनीता मानिकपुरी ने छात्रों को उपभोक्ता अधिकारों और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्हें सही बिल लेने, एमआरपी देखने, नकली व घटिया सामान से बचने तथा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के बारे में समझाया गया। पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे चेतना के अंतर्गत जिलाध्यक्ष निर्मल शेफाली घोष ने छात्रों को साइबर फ्रॉड के प्रति उन्हें जागरूक किया। अनजान कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने से होने वाले नुकसान, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने के उपाय बताए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। कुछ बच्चों से सवाल भी पूछे गए। सही जवाब देने पर गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को जिम्मेदार, सजग व सुरक्षित उपभोक्ता बनाना, ग्राहकों को जगाना और शोषण मुक्त समाज बनाना रहा।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार घोष, प्रथम संस्था से केंद्र प्रमुख देवीशंकर दुबे, कलस्टर लीडर दिनेश सारथी, खिलेश, मनीषा, रीना सहित सभी स्टूडेंट्स का सहयोग रहा।

व्यंजन मेले का निरंतर 10 तक आयोजन करना नारी शक्ति का परचम है। बहनों द्वारा स्वादिष्ट पकवानों के स्टाल लगाए गए हैं। इन बहनों के संपर्क में हमेशा रह कर इन्हीं से खरीददारी कर शुद्ध व्यंजनों का लुत्फ उठाते रहें। इससे स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और इन लघु उद्योगों से बहनें आत्मनिर्भरता की ओर भी बढ़ेंगी।

# लघु उद्योग से बहनें बढ़ रहीं आत्मनिर्भरता की ओर : कौशिल्या साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें सीएमडी प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय व्यंजन मेला के समापन पर कौशिल्या विष्णुदेव साय ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। उन्होंने कहा कि पकवानों की बिक्री के साथ ही प्लास्टिक चीजों की जगह दोना-पत्तल या कागज के ठोंगे का उपयोग किया जाए। इससे हम और जमीन दोनों सुरक्षित रहेगा। पैसा अस्पतालों में न जाए इसके लिए नियमित दिनचर्या अपनाएं। जल्दी उठ कर योग करें। दौड़ें, मेहनत करें। पूरी नींद लें। किसी स्वस्थ व्यक्ति से प्रेरणा लें। प्रकृति के साथ चलें। उगते सूर्य को निहारें। इससे आंखों की ज्योति बढ़ती है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी की सहभागिता व सहयोग जरूरी है।




व्यंजन मेला में श्रीमती कौशल्या साय ने सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन डॉक्टर संजय दुबे को सम्मानित किया।

### खाना बनाते समय रखें भाव

श्रीमती साय ने कहा कि खाना बनाते समय मन की भावना अच्छी व चौका साफ रखें। ऐसे भोजन को ग्रहण करने से वह अमृत तुल्य हो जाता है। सुबह उठते समय किसी भी परिस्थिति में शांत रहने, स्वस्थ होने, अपने परिवार प्यारा होने, घर के स्वर्ग होने का भाव रखे तो इसका सकारात्मक असर पड़ता है। वहीं परेशानी व समस्या को पिछे रखें। सुबह से शाम तक मुस्कुराते रहे। इससे जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है।

### लघु उद्योग को मिलता है बढ़ावा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आज की भागमभाग जिंदगी में लोग अपने छत्तीसगढ़ी खान पान को भूलते जा रहे हैं। यह मेला हमारे इन्हीं पकवानों की याद दिलाता है। वहीं ऐसे आयोजनों से लघु उद्योग को बढ़ावा मिलता है।

### महिलाओं को सशक्त करने कटिबद्ध है छग. शासन

महापौर पूजा विधानी ने कहा कि पीएम श्री मोदी का विजन लोकल फॉर वोकल है। इसे आगे बढ़ाने हम सब की जिम्मेदारी है। समूह की महिलाओं को आगे बढ़ाने मिलेट कैफे का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं को सशक्त करने छत्तीसगढ़ शासन कटिबद्ध है। भाजपा नेत्री हर्षिता पाण्डेय, कार्यक्रम की संयोजिका चित्रलेखा तिवारी ने भी अपने विचार रखे।

## व्यंजन मेले का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन







### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

दोपहर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसमें एकल नृत्य, समूह नृत्य पेश कर नाट्य मंचन किया गया। लोक संगम बिलासपुर के कलाकारों ने टीम प्रमुख भागवत कश्यप के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ी नृत्य पेश किया। बच्चों ने भी कर्मा, सुआ, राउत नाच पेश किया। रात में अतिथियों एवं निर्णायक मंडलों द्वारा विजेताओं को पारितोषिक वितरण किया गया।

### स्टालों का किया अवलोकन

भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने रविवार को मेले में लगे स्टालों का अवलोकन कर महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया। अवलोकन करने वालों में मोर्चा की जिलाध्यक्ष स्नेहलता शर्मा, निरजा सिंहा, मीना गोस्वामी, दीप शिखा, चंदना गोस्वामी, कविता वर्मा, शोभा कश्यप, कुंतल ताम्रकार, किरण सिंह, बिंदु कछवाहा, लोकेश्वरी राठौर, पूजा खत्री, रीना गोस्वामी, पूनम श्रीवास, गरिमा सराफ शामिल रहीं।

**ये रहे अतिथि :** द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि के रूप में अमर अग्रवाल विधायक बिलासपुर, अतिविशिष्ट अतिथि पवन साय प्रदेश संगठन मंत्री भाजपा, विशिष्ट अतिथि धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा, प्रदीप शर्मा नगर संघ चालक आरएसएस बिलासपुर, पं. शशांक शर्मा अध्यक्ष साहित्य अकादमी, श्रीकांत पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष मुंगेली, पवन पाण्डेय सभापति जनपद पंचायत मुंगेली, पं. संजय दुबे चेयरमेन सीएमडी कॉलेज, पं. संजय शर्मा चेयरमेन डीएलएस कॉलेज, डॉ प्रदीप शुक्ला अध्यक्ष छ.ग. ब्राम्हण विकास परिषद उपस्थित रहे। अध्यक्षता पं. योगेश तिवारी ने की। सभी ने आयोजन को बेहतर बताया और आने वाले समय में और अधिक भव्य ढ़ंग से करने की बात कही।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर नमिता अंकित गौरहा, संध्या तिवारी, अनिता शुक्ला, सीमा पाण्डेय, मंजू, कृष्णा, शशि, शताब्दी, अराधना, अणिमा, शीतल, नेहा, बरखा, प्रीति, पूनम, प्रतीक्षा सहित अन्य सभी बहनों की उपस्थिति रही।

# 1111 भक्तों ने किया राणी सती दादी का सामूहिक ध्यान







## वैश्विक शांति व खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पौष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर रविवार को 1111 दिव्य चेतन आत्माओं ने एक साथ एकाग्रचित होकर साक्षात दुर्गा अवतार श्री राणी सती दादी का ध्यान किया एवं वैश्विक शांति व बिलासपुर की खुशहाली की कामना की। ग्यारह एक के दुर्लभ संयोग से किया गया ध्यान निश्चित ही लाभकारी होगा।

गोविंदम पैलेस में आयोजित भव्य महामंगल पाठ में सूरत निवासी सुरभि बिजुरका की सुमधुर वाणी में दादी भक्त झूमते नजर आए। बीच में श्री दादीजी की हल्दी, मेंहदी व चुनरी संस्कार के साथ उनकी जीवनी को जीवंत झांकी द्वारा प्रस्तुत की गई। मृदंग और ढोल नगाड़ों के बीच प्रगट हुई श्री दादी की श्री गंगा आरती बनारस के पांडित्यजनों द्वारा हजारों भक्तों की उपस्थिति में की गई। पाठ की समाप्ति पश्चात लगभग तीन हजार भक्तों ने छप्पन भोग एवं दादीजी की रसोई से स्वादिष्ट भोजन प्रसाद का आनंद उठाया। आयोजन को सफल बनाने नवलकिशोर तुलस्यान, सीए आनंद कुमार अग्रवाल, अधिवक्ता प्रवीण तुलस्यान, अजय अग्रवाल, आशीष सिंह, ललित अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, पवन अग्रवाल, श्रीकांत केडिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, वेंकट अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, मीतू अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, उषा अग्रवाल, पूर्व विधायक रश्मि सिंह सहित हजारों की संख्या में दादी भक्त शामिल हुए। सीए आनंद, सुनीता अग्रवाल ने समस्त आगंतुक कलाकार, अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

### नृत्य नाटिका की प्रस्तुति



कोलकाता के कलाकारों की नृत्य नाटिका से दादी का सचित्र प्रदर्शन व बनारस के पंडितों की गंगा आरती की तर्ज में दादीजी की आरती ने आयोजन में चार चांद लगा दिया। बिल्हा, कोटा, कोरबा, तखतपुर, अकलतरा, नैला, भाटापारा सहित दूर-दूर से आए लोगों ने मंगलपाठ का श्रवण किया। ज्ञात हो कि पांडवों की पुत्रवधू, अभिमन्यु की पत्नी व महाराज परीक्षित की माताजी उत्तरा ही कलयुग में नारायणी बनकर तनधनदास की धोखे से हत्या कर दिए जाने पर समस्त विधर्मियों का नाश कर झुंझुनू में ज्योति में विलीन हो गई थी।

## मेडिटेशन से मन, बुद्धि और जीवन में आता है संतुलन : स्वाति

**बिलासपुर।** तनावग्रस्त, अशांत और तेज़ गति से भागते हुए समय में जब मनुष्य बाहरी साधनों से सुख और शांति खोजने का प्रयास कर रहा है, तब वास्तविक आवश्यकता है आंतरिक शांति की शक्ति को पहचानने और उसे जीवन में धारण करने की। इसी उद्देश्य के साथ विश्व मेडिटेशन डे के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, बिलासपुर की मुख्य शाखा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी आवश्यकता शांति है, लेकिन यह शांति बाहर से नहीं, बल्कि आत्मा के भीतर से उत्पन्न होती है। शांति आत्मा का मूल स्वरूप है, परंतु व्यर्थ संकल्पों, नकारात्मक भावनाओं और अशुद्ध चिंतन के कारण यह शक्ति दब जाती है। मेडिटेशन वह आध्यात्मिक विधि है जिसके माध्यम से आत्मा पुनः अपने शांति स्वरूप का अनुभव करती है।



दीदी ने बताया कि मेडिटेशन कोई कठिन साधना नहीं, बल्कि आत्मा को उसके वास्तविक स्वरूप में स्थिर करने की सरल प्रक्रिया है। जब हम कुछ समय के लिए बाहरी शोर से हटकर मन और बुद्धि को शांत करते हैं, तब आत्मा की भीतरी शक्तियाँ जागृत होती हैं। शांति की शक्ति केवल स्वयं को ही नहीं, बल्कि आसपास के वातावरण को भी प्रभावित करती है। शांत मन से लिए गए निर्णय सटीक होते हैं और शांत चित्त से किए गए कर्म श्रेष्ठ परिणाम देते हैं। बीके स्वाति दीदी ने बताया कि आज विज्ञान अत्यधिक प्रगति कर चुका है, परंतु मानसिक तनाव, अवसाद,भय और असुरक्षा की भावना भी उसी अनुपात में बढ़ी है। ऐसे समय में मेडिटेशन शांति की वह शक्ति प्रदान करता है जो मन को स्थिर, बुद्धि को स्पष्ट और जीवन को संतुलित बनाती है। मेडिटेशन के अभ्यास से व्यक्ति की सहनशक्ति बढ़ती है, क्रोध, चिंता और व्यर्थ सोच पर नियंत्रण आता है तथा संबंधों में मधुरता का अनुभव होता है।

स्पोर्टर्स न्यूज

सांसद कला महोत्सव शुरू करने की घोषणा

# फिट रहने हर कोई अपनाए एक खेल : तोखन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज स्थानीय बहतराई खेल स्टेडियम में आयोजित समारोह में सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग समापन किया। उन्होंने पहली बार आयोजित सांसद खेल महोत्सव की सफलता से उत्साहित होकर इसी तर्ज पर सांसद कला महोत्सव जल्द शुरू करने की घोषणा की। लगभग डेढ़ महीने तक चले इस महोत्सव में बिलासपुर एवं मुंगेली जिले की ग्राम पंचायत से जनपद एवं जिला स्तर पर 12 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। फाइनल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री तोखन साहू ने स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि तोखन साहू ने समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। यह तभी संभव होगा जब हर आदमी स्वस्थ एवं फिट रहे। इसके लिए हर आदमी को अपनी रूचि के अनुरूप कोई न कोई खेल में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में स्थानीय स्तर पर प्रचलित खेलों को शामिल किया गया ताकि अधिकाधिक लोग इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखार सकें। कबड्डी,खो-खो, रस्साकसी, नीबू दौड़, बोरा दौड़ जैसे एक दर्जन खेल प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। इन खेलों को हमें भूलना नहीं है। हम अपने जीवन में मोबाईल का उपयोग कम करने इन खेलों की ओर ध्यान लगाना है ताकि शारीरिक रूप से हम मजबूत रह सकें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुरूप सांसद खेल महोत्सव आयोजित किये गए। मैं स्वयं ग्रामीण स्तर के कई आयोजन में शामिल हुआ। खेल के प्रति लोगों में अपार उत्साह देखा गया। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, पूर्व विधायक डॉ. कृष्ण मूर्ति बांधी ने भी संबोधित किया।

### फाइनल प्रतियोगिता के परिणाम

कबड्डी बालक वर्ग में प्रथम स्थान मुंगेली, द्वितीय पथरिया, तृतीय बिल्हा, कबड्डी बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मस्तुरी, द्वितीय पथरिया, तृतीय स्थान बिल्हा, रस्साकसी पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मस्तुरी, द्वितीय तखतपुर, तृतीय बिल्हा, रस्साकसी महिला वर्ग में प्रथम स्थान तखतपुर, द्वितीय बिल्हा, तृतीय पथरिया, फुटबॉल के पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान कोटा, द्वितीय कोटा नगर पंचायत, तृतीय बिल्हा, फुटबॉल महिला वर्ग में प्रथम स्थान बिल्हा, द्वितीय कोटा, वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान तखतपुर, द्वितीय मस्तुरी, तृतीय लोरमी, वॉलीबॉल महिला वर्ग में प्रथम स्थान मस्तुरी, द्वितीय कोटा, तृतीय लोरमी, 100×4 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान नगर पालिक निगम बिलासपुर, द्वितीय कोटा एवं तृतीय स्थान लोरमी को मिला। चैम्पियन ट्रॉफी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान जनपद पंचायत कोटा को दिया गया। बिलासपुर जिले की मस्तुरी, बिल्हा, तखतपुर, कोटा एवं मुंगेली जिले की लोरमी, पथरिया एवं मुंगेली जिले के 12 हजार से ज्यादा खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। कबड्डी, 4 सौ मीटर दौड़, बोरा दौड़, पैदल दौड़, रस्साकशी, 100 मीटर रिले दौड़, फूटबाल, नीबू दौड़, लगोरी, बालीबाल और तीरंदाजी प्रतियोगिता महोत्सव में शामिल थे। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में खेल अधिकारी ए एक्का,बिल्हा सीईओ कुमार लहरे, मस्तुरी सीईओ जेआर भगत, कोटा सीईओ युवराज सिन्हा, तखतपुर सीईओ श्री तिवारी एवं पूरी टीम का सक्रिय योगदान रहा है।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दशरंगपुर में पोलियो दिवस पर बच्चों ली खुराक



**जरहागांव।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दशरंगपुर में पोलियो दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने बच्चों को अपने हाथों से खुराक पिलाकर शुरुआत की। इस अवसर पर श्रीकांत पांडेय ने कहा कि दो बूंद जिंदगी की इस दो बूंद को पीने के लिए कोई भी बच्चे न छुटे इसके लिए डोर टू डोर जाकर बच्चों को पोलियो का खुराक अवश्य प्रदान करें। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पद्मनी मोहले ग्राम पंचायत लोहड़िया सरपंच प्रतिनिधि शंभु कश्यप एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थित रहे।

### 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई

**लगरा।** उप स्वास्थ्य केंद्र लगरा में और आश्रित ग्राम फरहदा, खैरा और परसही में पल्स पोलियो अभियान के



तहत प्रथम दिवस में 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस मौके पर सीएचओ सुमन चन्द्रा, आरएचओ एम बृजेंद्र पाठक, आरएचओ एफ लक्ष्मी साहू सभी मितानिन दीदी अंजू लहरी, जुलेखा बानो, भगवती केवट, शांति यादव, गंगोत्री यादव, जागेश्वरी यादव, सीमा यादव, सरस्वती यादव, मालती भोई, सैल यादव, अनीता कोहली, कुमुदिनी यादव, गिरिजा लसहे, रुक्मणि खरे, संतोषी यादव उपस्थिति रहे।

### अग्रसेन कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना तथा मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज कराना था। इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि, युवा शक्ति ही लोकतंत्र का आधार है, और प्रत्येक वोट राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त बीएलओ राजकुमार कोर्राम एवं फुलकुंवर यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। 18 वर्ष पूर्ण करने वाले पात्र छात्र-छात्राओं से फॉर्म-6 भरवाए गए, ताकि आगामी निर्वाचन में वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम का संचालन खगेश कुमार ने किया।

### बिदबिदा में लगा रक्तदान शिविर, दिए गए उपहार



**सरगांव।** ग्राम पंचायत बिदबिदा सरपंच एवं बालाजी चेरीटेबल ब्लड सेंटर बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्व. तूफानी राजपूत की स्मृति में रविवार को ग्राम पंचायत बिदबिदा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत बिदबिदा के सरपंच अनिल कुमार राजपूत, शांति लाल कौशिक, राजा सिंह ठाकुर ब्रह्मा राजपूत, किशन कौशिक, अरुण राजपूत ,राहुल राव कामले एवं विभिन्न युवा वर्ग द्वारा रक्त दान किया गया। रक्त दाताओं को विशेष प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र व चिह्नित उपहार हेलमेट प्रदान किया गया। इस रक्त दान शिविर में ग्राम के राजेश राजपूत ,अश्वनी राजपूत, सुनील ठाकुर, प्रद्युम्न राजपूत, शत्रुघ्न राजपूत, सूरज ठाकुर, रमाकांत ठाकुर छोटेलाल राजपूत व अन्य ग्रामीण जन का विशेष सहयोग रहा।

### कुटुंब प्रबोधन और सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न



**गौरेला।** विद्या भारती के निर्देशानुसार सरस्वती शिक्षा केंद्र मेढुका में सप्तशक्ती संगम कार्यक्रम रखा गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच श्यामबती कार्यक्रम के अध्यक्ष उपसरपंच भगवती वाकरे मुख्य वक्ता के रूप में निधि शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय में अपनी बात रखी। ग्राम मेढुका सपनी एवं बरवासन से 55 महिलाएं उपस्थित थी। मेडुका सरस्वती शिक्षा केंद्र की आचार्य आशापुरी सपनी सरस्वती शिक्षा केंद्र की आचार्य जनक नंदिनी केवरा ग्राभारती विद्यालय कि आचार्या कुमारी प्रतिभा पड़वार कुमारी ज्योत्सना केवरा उपस्थित रहीं।

### सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** प्रदेश महामंत्री अभिजीत तिवारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र राठौर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने की मांग की गई। फेडरेशन ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अभिजीत तिवारी,ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र राठौर, निलेश दुबे, ओमप्रकाश साहू, ईश्वर साहू, ओपी ध्रुव, जितेन्द्र वैष्णव, नरेश दुबे, आशुतोष मिश्रा, नाजिर खान, ईश्वर साहू, संस्कार साहू आदि मौजूद थे।

## कौशिक ने बच्चों को पिलाया पोलियो ड्रॉप

# पल्स पोलियो अभियान स्वस्थ राष्ट्र की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



विधानसभा बिल्हा अंतर्गत राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का रविवार को शुभारंभ हुआ। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत करते हुए 5 वर्षों से कम उम्र के बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई। इस मौके पर उन्होंने अभिभावकों से यह भी अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियो ड्रॉप से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि कि पल्स पोलियो अभियान की सार्थकता तभी है जब कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रह जाए। इस अभियान के तहत अनिवार्य रूप से घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएगी, जिससे हर बच्चा पोलियो से सुरक्षित होकर ताउम्र स्वस्थ रह सके। उन्होंने कहा है कि पोलियो की दो बूंदें न सिर्फ किसी बच्चे को जीवनभर के लिए सुरक्षित करती हैं, बल्कि यह एक स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण की नींव भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वस्थ और सशक्त भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जनसहभागिता को इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि हर घर से सहयोग मिलेगा, तो हमारा प्रदेश निश्चित ही 'पूर्णतः पोलियो मुक्त छत्तीसगढ़ बनेगा।

### छूटे बच्चों को दी जाएगी पोलियो की खुराक



**तखतपुर।** पोलियो दिवस के अवसर पर सुनने से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो पिलाने का काम आज हर वार्ड में वार्ड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिन के द्वारा वार्ड में ही कैंप लगाकर पोलियो पिलाने का कार्य किया गया।वार्ड 9 के पार्षद परमजीत लवली हूरा, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस उद्देश्य के लिए जिले भर में कुल पल्स पोलियो अभियान रविवार, 21 से 23 दिसंबर तक चलेगा। अभियान के पहले दिन सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। अगले दो दिनों तक मितानिनें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं और स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को खुराक पिलाएंगे।

### मल्हार में बनाए गए 5 पल्स पोलियो बूथ



**मल्हार।** नगर में पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दी गई पल्स पोलियो की खुराक। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मल्हार में कुल 5 बूथ पल्स पोलियो की खुराक देने के लिए बनाया गया था, और स्वास्थ्य विभाग का टारगेट 9300 बच्चों को पोलियो की खुराक देने की थी ,जिसमें पहले दिन रविवार को 8400 से ज्यादा बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। इस तरह मलहार के 90 प्रतिशत बच्चो को दो बूंद जिंदगी की पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के सेक्टर प्रभारी ने बताया कि बाकी सभी बच्चों को घर घर जाकर अगले दो दिनों तक पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हार के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्षदेव नापित अपने स्टाफ के साथ बूथ का दौरा कर अभियान की जानकारी ली। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन सहित सामाजिक कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

### दगोरी सेक्टर में 6851 बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक



**दगोरी।** राष्ट्रीय पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान के तहत सेक्टर दगोरी के 29 ग्राम के 41 पोलियो बूथ में 6851 बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डा निखिलेश गुप्ता के निर्देशन में मेडिकल आफिसर डा मंजुलता वर्मा, डा हिमांशी पांडे के देखरेख में सेक्टर पर्यवेक्षक अल्मा केरकेट्टा, जोनल टीम हरीश सन्नाट, मोबाइल टीम सुरेश तिवारी, मनीषा वर्मा सहित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उमा मनहर, रोहित कौशिक, घनश्याम उपाध्याय, शारदा उपाध्याय, सविता निर्मलकर, अर्चना सन्नाट सहित मितानिन ट्रेनर अलखनंदा सूर्यवंशी, देवकी वर्मा, फूलवती घृत लहरे, दुलारी निर्मल कर, सहित मितानिन शीतला देवी सन्नाट, सावित्री बारले, मीना कौशिक, जमुना जांगड़े, मीना टंडन, धनेश्वरी टंडन, रूपा निषाद, महेश्वरी ध्रुव, संतोषी कौशिक, सुशील मानिकपुरी, पूर्णिमा रानी कौशिक, संतोषी सन्नाट्, लछन, दुर्गा यादव, अनिता यादव, संगीता ध्रुव, शीला नवरंगे, संगीता साहू, शारदा साहू, सहित कोटवार फूलदास मानिकपुरी, मनीष दाश, अमर लाल समाज सेवी दशरथ सन्नाट सहित ग्राम के जनप्रतिनिधि सरपंच मथुरा भारद्वाज, जनपद सभापति राजकुमार साहू, उप सरपंच संतराम ध्रुव, गंगा निर्मल कर, रामाधीन निषाद इत्यादि ने भी सहयोग प्रदान किया। आज और कल घर घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। बूथ पर सुबह से ही अभिभाव बड़े ही उत्साह के साथ बच्चो को दवा पिलाने पहुंच रहे थे।

### स्वास्थ्य ही समाज के स्वस्थ भविष्य की नींव



**मुंगेली।** जिले में दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार थीम पर सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की और अभिभावकों से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि पोलियो उन्मूलन की दिशा में यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही जिले और समाज के स्वस्थ भविष्य की नींव है। पोलियो जैसी बीमारी से पूर्ण मुक्ति तभी संभव है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस महाअभियान में सहभागिता निभाएं। इस अभियान के अंतर्गत जिला मुंगेली में कुल 01 लाख 19 हजार 503 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने की दिशा में प्रभावी कार्य सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अभियान के तहत 814 बूथ में 1728 कर्मचारियों द्वारा पोलियो ड्राप पिलाया गया। टीकाकरण अधिकारी डॉ. खैरवार ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत आज सभी बूथों में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया गया। छूटे हुए 0 से 5 वर्ष के बच्चों को 22 और 23 दिसंबर को उनके घरों में जाकर पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा।

### पोलियो को जड़ से समाप्त करने अपने बच्चों को पिलाएं दवा: वैष्णव



**पथरिया।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर पोलियो बूथ का शुभारंभ किया गया । बीएमओ डॉ लाल ने बताया कि पूरे विकास खंड के गांव गांव मे पोलियो की दवा पिलाने सेंटर बनाया गया है। हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि पोलियो मुक्त समाज ही सशक्त हो सकता है वही पोलियो की दवा प्राप्त करना हर बच्चे का अधिकार है इसलिए नजदीक के पोलियो दवा केंद्र पर जाकर अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। इस मौके पर रघु वैष्णव, बलराम जयसवाल, प्रकाश मंडावी, बलदाऊ जायसवाल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित लाल, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक निमिष मिश्रा, शिव कुमार पाली संगणक एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध में कांग्रेस का धरना



**पेंड्रा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (मनरेगा) से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन का आयोजन सोनमुड़ा में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गजमती भानु के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के निर्णय को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों और गरीब, मजदूर एवं ग्रामीण जनता के अधिकारों पर सीधा हमला बताया।

धरना को संबोधित करते हुए गुलाब राज ने कहा कि मनरेगा योजना से गांधी जी का नाम हटाने का प्रयास देश के गरीब वर्ग के साथ अन्याय है। मुद्रिका सर्राटी ने कहा कि मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाना उनके विचारों को मिटाने की साज़िश है। सरपंच संघ अध्यक्ष लालचंद सोनवानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगी। धरना को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गजमती भानु ने कहा कि मनरेगा करोड़ों गरीब परिवारों को सम्मानपूर्वक रोज़गार की गारंटी देता है। यह योजना गांधी जी के आदर्शों पर आधारित है और इससे उनका नाम हटाना उनकी विचारधारा पर हमला है। कांग्रेस पार्टी इस फैसले का डटकर विरोध करेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी की और चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, गुलाब राज, मुद्रिका सर्राटी, लालचंद सोनवानी, राहुल भाइना, श्वेता मिश्रा, सविता राठौर, पुष्पराज डायमंड, शिवाय दुबे, विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### सिलतरा में 60 से अधिक लोगों ने किया ध्यान का अभ्यास

**तखतपुर।** विश्व ध्यान दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वावधान में विभिन्न स्थानों पर ध्यान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सिलतरा में आयोजित ध्यान सत्र में लगभग 60 लोगों ने सहभागिता कर ध्यान का अभ्यास किया और मानसिक शांति का अनुभव किया। इसी क्रम में मणिकांचन स्टाफ, तखतपुर को भी ध्यान कराया गया, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर तनावमुक्त वातावरण बनाना एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा। इसके अतिरिक्त आर.के. पब्लिक स्कूल में आयोजित ध्यान कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों द्वारा ध्यान के महत्व, इसके लाभ तथा दैनिक जीवन में ध्यान को अपनाने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। आर्ट ऑफ लिविंग तखतपुर के सदस्यों ने बताया कि ध्यान से मानसिक शांति, एकाग्रता एवं स्वास्थ्य में सुधार होता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश साहू, मनीष सोनी, उपेंद्र खुराना, ध्रुव तम्बोली, सिलतरा सरपंच ने सहभागिता दी।

### वर्तमान समय में बड़ी चुनौती बन चुका है साइबर फ्रॉड



**मुंगेली।** पहल जागरूकता अभियान के तहत नगर पालिका में बैठक, साइबर फ्रॉड, यातायात नियम व नशा मुक्ति पर जोर दिया गया। जिले में पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल द्वारा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार चलाए जा रहे "पहल जागरूकता अभियान" के तहत 20 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल के दिशा-निर्देश में नगर पालिका परिषद के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का नेतृत्व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी एसडीओपी मयंक तिवारी द्वारा किया गया।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षद उपस्थित रहे। इस दौरान शहर में बढ़ते साइबर अपराध, यातायात नियमों के पालन तथा नशा और ड्रग्स से दूर रहने जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीओपी मयंक तिवारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड एक बड़ी चुनौती बन चुका है। आम नागरिकों को किसी भी अनजान कॉल, लिंक, ओटीपी या ऑनलाइन लालच से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने पार्षदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव के तरीकों की जानकारी दें। यातायात नियमों के संबंध में एसडीओपी तिवारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, ओवरस्पीडिंग से बचना और नशे की हालत में वाहन न चलाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून का डर नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। इस विषय पर भी पार्षदों से आग्रह किया गया कि वे वार्ड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नियमों के प्रति संवेदनशील बनाएं। बैठक में नशा एवं ड्रग्स के बढ़ते खतरे पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। एसडीओपी मयंक तिवारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। पार्षदों को निर्देशित किया गया कि वे अपने वार्डों में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाएं और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। बैठक में पुलिस अधिकारी शत्रुहन खूंटे, बबीता श्रीवास सायबर सेल, श्रीमती शैलजा स्वामी ,नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, पार्षद मोहन मलाह, अरविंद वैष्णव, असलम खान, विनय चोपड़ा, मकबूल खान, संजय चंदेल, कुलदीप पाटले, रोशन सोनी, निमेष देवांगन, विजय बंजारे, रामकिशोर देवांगन, दिलीप सोनी, सत्येंद्र सिंह परिहार, जितेंद्र दावड़ा, प्रतिनिधि रवि कोसले, श्रवण सोनकर, अवधेश शुक्ला उपस्थित रहे।

## चौक-चौराहों में अलाव जलाकर ठंड भगा रहे लोग

# कड़ाके की ठंड ने बदली लोगों की दिनचर्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



अलाव का मजा लेते नागरिक।

क्षेत्र में इन दिनों ठंड अपने शबाब पर है। तापमान में भी लगातार गिरावट आ रही है। ठंड का कहर वैसे तो दिन भर रहता है पर शाम को 4 बजे के बाद सूरज के ढ़लते ही सुबह 10 बजे तक पूरा क्षेत्र ठंड की आगोश में रहता है। कड़ाके की ठंड ने लोगों की दिनचर्या पर भी प्रभाव डाला हैं। चौक-चौराहों में अलाव जलाकर ठंड भगाने में लोग लगे रहते हैं। लोगों की सुबह देर से हो रही है, ग्रामीण क्षेत्रों में पाला दिखने लगा है।

सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है, रात में सर्द हवाओं के साथ ठंड कंपा रही है, सुबह गुनगुनी धूप खूब भाने लगी है, दिन भर मौसम शुष्क बना हुआ है। आमजन को यह मौसम बहुत पसंद आ रहा है। जिले में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ हो चुका है। शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सूर्योदय होने के काफी देर बाद लोग सड़कों पर नजर आते है। शाम ढ़लते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा हैं। ठंड के चलते लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। लोग ठंड से बचने ले रहे अलाव का सहारा ले रहे हैं। ठंड से राहत पाने के लिए लोग अपने-अपने घरों में एवं घरों के बाहर धूप सेंकते नजर आ रहे हैं। खासकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड से लोगों का बुरा हाल है। इस कड़ाके की सर्दी के कारण शहर सहित जिले के लोगों का दिनचर्या भी पूरा अस्त-व्यस्त हो गया हैं। लोग सुबह जल्दी नींद खुलने के बावजूद बिस्तर छोड़ने का साहस नहीं कर पा रहे हैं और देर तक रजाई में ही दुबके रह रहे हैं। आलम यह है कि जब तक धूप नहीं निकल रही है, लोग बिस्तर को छोड़ने को तैयार नहीं हो रहे हैं। वहीं शाम के ढ़लने के साथ ही लोग जल्दी से अपने काम-काज निपटाकर घरों की ओर भाग रहे हैं। ठण्ड बढ़ने से दिन में भी लोग गर्म कपड़ों में घूमते फिरते नजर आते है। ठण्ड बढ़ने से बुजुर्गों को थोडी समस्या हो सकती है, हालांकि वे भी दिन भर धूप का आंनद ले रहे है। ठंड बढ़ते ही एक ओर जहां बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी है। आयुर्वेदिक, चाय, पाउडर, सोंठ, लौंग, इलायची तथा बाजार में अदरक की खूब बिक्री हो रही है। दिसंबर माह में क्षेत्र में अन्य स्थानों से भी ज्यादा ठंड पड़ती हैं और यही वजह हैं कि शहर में दिसंबर का महीना शुरू होते ही ठंड का असर दिखाई पड़ने लगता हैं। आने वाले समय में और भी तेज ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर के महीने में सबसे अधिक ठण्ड रहता है जो जनवरी के पहले पखवाड़े तक ठण्ड का असर बना रहता है। इस वर्ष बारिश का मौसम बीतने के बाद बारिश की गतिविधियां पूरी तरह थम गई थी इस कारण नवम्बर महीने में ठण्ड का असर कम रहा।

### एसआईआर पर भाजपा की कार्यशाला



एसआईआर पर कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ता।

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में रविवार को एसआईआर पर कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में एसआईआर की जानकारी, संपूर्ण प्रक्रिया के साथ-साथ कौन से क्रमांक का फार्म कब भरना है यह जानकारी दिया गया। प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने कहा कि वास्तविक मतदाता का नाम किसी भी स्थिति मे ना कटे, इस बात का अवश्य ध्यान रखें। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने बीएलए 1, सभी बीएलए 2, सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, महामंत्री तथा पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया को पूर्ण करने में सहभागी होने पर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, गिरीश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक, लोकनाथ सिंह, द्वारिका जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी, मोहन भोजवानी, सुनील पाठक, मानिक सोनवानी, प्रेम आर्य, मिट्टू लाल यादव, कोटू दादवानी, मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेई, सुखचंद साहू, नागेश्वर जायसवाल, राजीव श्रीवास, अभिलाष त्रिवेदी, महावीर सिंह, मन्नू श्रीवास्तव, रितिमा लाल, माला गुप्ता, श्वेता सोनी, विजय यादव, शैलेंद्र यादव, अमितेश आर्य, मनोहर मोहले, विश्वधर सिंह, रमेश बुनकर, अमित कश्यप, प्रहलाद यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

**खबर संक्षेप**

## नए डीआरएम राकेश पदभार ग्रहण करेंगे आज



**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड ने वर्तमान डीआरएम राजमल खोईवाल की नई नियुक्ति तो अब तक नहीं की है, लेकिन राकेश रंजन का सोमवार को बिलासपुर रेल मंडल के नए डीआरएम का पदभार ग्रहण पक्का हो गया है। राकेश रंजन के स्वागत करने के लिए रेल प्रशासन के अफसरों ने तैयारी भी पूरी कर ली है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम राजमल खोईवाल का ट्रांसफर आर्डर जारी करते हुए वेस्टर्न रेलवे मुम्बई के चीफ सिग्नल इंजीनियर उमेश कुमार को नया डीआरएम का पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया था, लेकिन उमेश कुमार ने कुछ तकनीकी दिक्कतों की वजह से बिलासपुर के डीआरएम का पद लेने से इनकार करते हुए बोर्ड को पत्र लिख दिया। बोर्ड ने उमेश कुमार के आवेदन को स्वीकार करते हुए उनके पद को यथावत रखने के बाद एक नया आर्डर निकालते हुए ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे हाजीपुर के सिग्नल एंड टेलीकॉम के इंजीनियर आईआरएसएसई राकेश रंजन को डीआरएम का पदभार दे दिया है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन है। राकेश रंजन सोमवार को बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम का पदभार ग्रहण करेंगे। वहीं वर्तमान डीआरएम राजमल खोईवाल के नए स्थान पर नियुक्ति का आदेश अब तक बोर्ड से जारी नहीं किया गया है, जिसकी वजह से उनके जोन मुख्यालय में किसी पद पर ट्रांसफर किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## तालाब में महिला की लाश मिलने से सनसनी



**बिलासपुर।** तालाब में एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, शनिवार को देर रात सूचना मिली अमेरी के तालाब में एक महिला की लाश तैरते हुए दिखाई दे रही है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर तालाब से महिला का शव बाहर निकलवाया गया, जिससे उनकी पहचान अमेरी निवासी चंद्रकली कुर्रे पति सुभाष कुर्रे 40 साल के रूप में हुई। वह अपने पति को छोड़कर 20 साल के बेटे के साथ अपनी मां व भाई के घर में रह रही थी। वह शराब पीने की आदी थी। शनिवार की शाम तालाब के पास मृतका को शराब पीते हुए ग्रामीणों ने देखना बताया है। नशे में तालाब में गिरने से मृत्यु होने की संभावना जताई जा रही है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## लापता छात्र वृन्दावन में सकुशल मिला



**बिलासपुर।** सीयू का लापता छात्र वृन्दावन में सुरक्षित मिल गया है। उसके बाद परिजन व पुलिस ने राहत की सांस ली है। 18 दिसंबर को बड़ी कोनी में किराए के मकान में रहकर जीजीयू कालेज में पढ़ाई करने वाला पेंड्रा अमारू का छात्र राहुल यादव पिता दयाराम यादव 19 साल घर में कालेज में प्रोग्राम है कहते हुए देर से आने की बात कहकर निकला था जो रात भर घर नहीं लौटा। चंद्रभान यादव ने छात्र की लापता होने की रिपोर्ट पर लिखाई थी। घर में चेक करने पर मोबाइल बंद मिला। घर से बैग लेकर जाते दिख रहा है। उसलापुर स्टेशन में छात्र बैग रखकर ट्रेन का इंतजार करते दिखाई दिया था। तीसरे दिन परिजन को वृन्दावन गोरीगोपाल आश्रम के पास छात्र राहल यादव सुरक्षित मिला।

**रायपुर से मिली अनुमति** | **उच्च स्तरीय स्वीकृति के लिए फाइल आरईसी के समक्ष**

# केंदाघाट-कारीआम फोरलेन, नागपुर पहुंचा पांच हजार पेड़ काटने की अनुमति का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंदाघाट से कारीआम के बीच 218 करोड़ रूपए की लागत से साढ़े पांच किलोमीटर लंबाई में बनाई जाने वाली फोरलेन सड़क के लिए मार्ग के पांच हजार पेड़ काटने पड़ेंगे। इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए प्रकरण नागपुर भेजा गया है। यहां रिजनल इंपावर्ड कमेटी के द्वारा फोरलेन सड़क के लिए फारेस्ट क्लियरेंस जारी किया जाएगा।



केंदाघाट से कारीआम के बीच शासन द्वारा फोरलेन सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत पीडब्ल्यूडी के नेशनल हाईवे डिवीजन द्वारा 218 करोड़ रूपए की लागत से साढ़े पांच किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। यह मार्ग बिलासपुर एवं मरवाही वनमंडल के अधीन है, जिसमें साढ़े पांच किलोमीटर लंबाई में घने जंगल हैं। सड़क निर्माण के लिए पेड़ों की बड़ी संख्या में कटाई की जरूरत पड़ेगी। विभागीय जानकारी के अनुसार इस सड़क निर्माण के लिए लगभग पांच हजार पेड़ों की कटाई प्रस्तावित है। इस संबंध में स्वीकृति के लिए विभाग द्वारा प्रकरण नागपुर भेजा गया है। यहां रिजनल इंपावर्ड कमेटी के द्वारा प्रकरण पर अंतिम स्वीकृति प्रदान की जाएगी। कमेटी की बैठक माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित की जाती है।

दिसंबर महीने में कमेटी की बैठक में निर्णय नहीं हो पाने की दशा में इस पर जनवरी महीने में नए सत्र की शुरूआत में निर्णय दिया जाएगा। इधर समय बचाने के उद्देश्य से एनएच डिवीजन के द्वारा टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### जिला व प्रदेश स्तर पर मिला क्लियरेंस

केंदाघाट से कारीआम के बीच पेड़ों की कटाई के लिए मरवाही एवं बिलासपुर वनमंडल से काफी पहले ही स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके बाद प्रदेश स्तर पर स्वीकृति के लिए प्रकरण अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक रायपुर को भेजा गया था। इस आफिस से भी हरी झंडी मिलने के बाद अब प्रकरण उच्च स्तरीय स्वीकृति के लिए प्रकरण नागपुर कार्यालय भेजा गया है।

### सड़क तीन पैकेज में, तीनों अधूरे

रतनपुर से कबीर चबूतरा के बीच शासन द्वारा तीन पैकेजों में सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत महामाया मंदिर रतनपुर से पांच किलोमीटर आगे से जावस नदी केंदाघाट के बीच सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है, जिसका निर्माण जारी है। इसके बाद दूसरे पैकेज के रूप में केंवची से कारीआम तक सड़क निर्माण स्वीकृत व निर्माणाधीन है। तीसरे पैकेज के रूप में केंदाघाट से कारीआम के बीच अब फोरलेन सड़क बनाने की तैयारी की जा रही है।

### नागपुर भेजा गया है प्रकरण

केंदाघाट से कारीआम के बीच प्रस्तावित फोरलेन सड़क के लिए पेड़ों की कटाई की जानी है। इसके लिए बिलासपुर एवं मरवाही वनमंडल से काफी पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है। इसके बाद प्रकरण राज्य कार्यालय को भेजा गया था। यहां से भी स्वीकृति मिलने के बाद अब आरईसी की अंतिम स्वीकृति के लिए प्रकरण नागपुर भेजा गया है।

**-आरके खांबरा,** ईई नेशनल हाईवे डिवीजन

**स्थानीय नागरिकों ने घाटों की सफाई, सौदर्यीकरण और पुनर्जीवन की मांग**

# मैला हो रहा अरपा का आंचल, बेजाकब्जा और गंदगी, पहचान खो रहे 11 ऐतिहासिक घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायधानी की पहचान कराने वाली अरपा की हालत गटर सी हो गई है और जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली नदी पल पल मर रही है। दूसरी ओर शहर की प्राचीन बसाहट जूना बिलासपुर के अरपा नदी तट पर बने ऐतिहासिक घाट आज उपेक्षा और अव्यवस्था के बीच अपनी पहचान खोते जा रहे हैं। ध्यान रहे कि नदी के किनारे बसा एक जीवंत तटवर्ती गांव था, जहां केवट-मल्लाह समुदाय की बस्तियां अधिक थीं। इसी समुदाय की बिलासा केवंटिन के नाम पर शहर का नाम बिलासपुर पड़ा माना जाता है। फिलहाल हालत यह है कि अरपा नदी की दुर्दशा के साथ-साथ अरपा के घाटों को भी पूरी तरह से दूरावस्था में पहुंचा दिया गया है। मूर्ति विसर्जन और गंदे पानी के बहाव से नदी में प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। त्योहारों के बाद घाटों पर, खासकर पचरी घाट पर, पर्याप्त सफाई नहीं होने की शिकायतें आती हैं।

कभी यह घाट शहर की पहचान के साथ शहर की संस्कृति और संस्कार के वाहक थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले नदी के घाटों में जहां जीवन सांस लेता था, ये घाट लोगों की दिनचर्या के अहम हिस्सा होते थे। अब लेकिन इन घाटों की चहलपहल गायब हो गईं हैं। अब तो इन घाटों की अवस्था भी पूरी तरह खराब चली है। बेजाकब्जा और गंदगी उपेक्षा के कारण यह घाट अपने अंतिम दिनों की पहुंच गए हैं। जानकारों का कहना है कि यदि समय रहते संरक्षण और पुनरोद्धार की पहल नहीं की गई तो शहर खास तौर पर जूना बिलासपुर की यह सांस्कृतिक विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए केवल इतिहास के पन्नों में सिमटकर रह जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने घाटों की सफाई, सौंदर्गीकरण और पुनर्जीवन की मांग करते हुए प्रशासन से तत्काल ध्यान देने की अपील की है।



पचरी घाट...

### गंदगी, झाड़-झंखाड़ और अव्यवस्था

समय बीतने पर हालांकि वर्तमान में इन घाटों की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। गंदगी, झाड़-झंखाड़ और अव्यवस्था के कारण ये घाट लगभग विरान और अनुपयोगी हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घाटों की नियमित सफाई, संरक्षण या सुधार कार्य वर्षों से नहीं हुआ है। कुछ स्थानों पर अवैध कचरा फेंकने की समस्या भी बढ़ गई है। निवासियों का आरोप है कि शासन और स्थानीय प्रशासन इन घाटों की स्थिति से पूरी तरह बेखबर या उदासीन हो चुका है। उनका कहना है कि शहर की इन ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित किए जाने की जरूरत थी, लेकिन उपेक्षा के चलते वे अपनी मूल पहचान और महत्व खोते जा रहे हैं।

### 70 नाले, नालियों का पानी बह रहा

शहरी क्षेत्र में अरपा नदी में 70 नाले नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट बहाया जा रहा है। कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है। वाहनों के जाने के लिए नदी में रास्ता बनाया गया है। ध्यान रहे कि नगर निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है। महामाया चौक के पास इंदिरा सेतु, अरपा के पुराने पुल, शनिचरी रपटा, गुरुनानक चौक और तोरवा पुल से देखें, तो हर कहीं अरपा में गंदगी, कचरा, मटमैला बदबूदार पानी नजर आता है।

**दैनिक गतिविधियां, पूजा-पाठ, नहाना-धोना:** स्थानीय जानकारों के अनुसार, अरपा नदी के इस तट पर कभी 11 प्रमुख घाट सक्रिय थे। इसमें मोपका नाका घाट, बड़घाट, काली मंदिर घाट, डोंगा घाट, डुमर घाट, जनकबाई घाट, साव धर्मशाला घाट, केंवटपारा घाट, बिलसीया घाट और पचरी घाट प्रमुख हैं। कभी इन घाटों पर स्थानीय लोगों की दैनिक गतिविधियां, पूजा-पाठ, नहाना-धोना, बच्चों का खेलकूद और नदी पार से कृषि उपज लेकर आने वाले व्यापारियों की आवाजाही लगी रहती थी।

### नदी की हो रही उपेक्षा

अधिकारी वर्ग जो शहर की संस्कृति, संस्कार और विरासत से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं, वे बेदर्दी से नदी और नदी के घाटों की उपेक्षा कर विकास का ढोल पीट रहे हैं। इसलिए ये घाट पूरी तरह समाप्त हो गए हैं। जब तक इनका संरक्षण और विकास नहीं किया जाएगा शहर की पहचान भी उसी तरह मिट जाएगी।

**- सोमनाथ यादव,** संयोजक अरपा बचाओ अभियान

### योजनाओं पर हो रहा काम

नदी के दोनों किनारों पर हरियाली और विकास के लिए योजनाएं चल रही हैं। एसटीपी और विद्युत लाइटिंग की व्यवस्था पचरी घाट में की गई है। नदी में साल भर पानी रहे इसके लिए पचरी घाट और शिव घाट में बैराज भी बनाए जा रहे हैं। गंदा पानी रोकने के लिए ट्रीटमेंट की व्यवस्था भी की जा रही है।

**- श्रीमती पूजा विधानी,** महापौर

# सागौन लोड गाड़ी को वन विभाग ने किया राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 2 लाख की लकड़ी और गाड़ी को जब्त कर लिया है, जिसके आरोपी की तलाश की जा रही है। इस दौरान विभाग ने आरएसी और आरटीओ से संपर्क करने के बाद गाड़ी को राजसात करने की कार्रवाई शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोटा-बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो संदिग्ध अवस्था में खड़ी है, जिसपर सागौन की लकड़ी लोड है। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देशानुसार और उप वन मंडलाधिकारी कोटा अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में देर रात गश्त कर रहे बेलगहना के वन परिक्षेत्र अधिकारी देवसिंह मरावी और उनकी टीम ने कक्ष क्रमांक 1202/2470 कोटा बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो को देखा। वन विभाग की टीम को आते हुए देख स्कार्पियो वाहन का चालक गाड़ी को तेजी से बढ़ाते हुए बेलगहना की ओर भागने की कोशिश करने लगा। गाड़ी का पीछा करते हुए वन विभाग के स्टाफ फाटक पारा करहीकछार पहुंचे, जहां स्कार्पियो क्रमांक सीजी 19 सी 6590 का चालक डोंगरीपारा बस्ती की ओर वाहन लेकर चला गया। गाड़ी का पीछे पहुंची टीम को जंगल मार्ग पहाड़ी के पास वह लावारिस हालत में मिली, जिसे छोड़कर चालक फरार हो गया था। लावारिस हालत में 6 नग लट्ठा, 1 नग सीलपट सहित 7 नग सागौन की लकड़ी लोड थी।

■ 2 लाख की लकड़ी और वाहन जब्त

कक्ष क्रमांक 2470 में वन विभाग की टीम ने जाकर देखा तो वहां 3 नग लट्ठे और मिले, जिसे मिलाकर 10 नग सागौन की जब्ती वन विभाग की टीम ने की। वन विभाग की टीम ने वाहन सहित 2 लाख रुपए की लकड़ी जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत मामला कायम करते हुए आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी है। इस संबंध में कोटा एसडीओ अनिल भास्करन ने बताया कि आरोपी की खोजबीन रेंजर स्तर पर की जा रही है। इसके अलावा गाड़ी सीजी 19 सी 6590 को राजसात करने की कार्रवाई हो रही है, जिसके लिए आरटीओ से भी संपर्क किया जा रहा है।

# दीवार गिरने से मिस्त्री घायल सिम्स में किया गया भर्ती

### रतनपुर के बूढ़ा महादेव मंदिर के पास हुआ हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर के रानीपारा मोहल्ले के घर पर जोड़ाई का काम कर रहे मिस्त्री पर मिट्टी की दीवार गिर गई। इस दौरान मलबे में फंसे होने के कारण मिस्त्री की हालत बिगड़ गई, जिससे तत्काल ही रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, लेकिन डाक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए सिम्स रिफर कर दिया है।

■ मिस्त्री के साथ महिला भी हुई घायल

रतनपुर के रानीपारा बुढ़ा महादेव मंदिर के पास निजी मकान में निर्माण कार्य जारी है। इस दौरान ठेकेदार दीनदयाल निषाद द्वारा काम कराया जा रहा है। रविवार की सुबह जोड़ाई का काम कर रहे मिस्त्री सुंदर सूर्यवंशी पर अचानक भरभराकर मिट्टी की दीवार गिर गई। आसपास के लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही सुंदर मलबे में दब गया। लोगों की मदद से पहले उसके साथ काम कर रही महिला को निकाला गया। इसके बाद सुंदर को बचाया गया। उसे इलाज के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद ही उसे सिम्स रिफर कर दिया।

करीब 12 बजे उसे सिम्स लाया गया, आपातकालीन डाक्टरों ने उसे इलाज के लिए ट्राइएज में भर्ती कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि अभी उसकी हालत स्थिर है।

# चालक ने कार, दो बाइक को टक्कर मारी, दुकान में घुसा

**बिलासपुर।** नशे में स्कार्पियो चालक ने खतरनाक तरीके से एक कार, दो बाइक को टक्कर माकर दुकान में गाड़ी घुसा दी। लोगों ने स्कार्पियो सवार 4 लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने स्कार्पियो जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया कि रविवार की शाम 4.30 बजे बिलासपर की ओर से स्कार्पियो क्रमांक सीजी 11 एसी, 1481 में चार लोग कोटा की ओर जा रहे थे। गाड़ी कोटा पिपिरपारा निवासी कृपाल पोर्ते चला रहा था। शनिचारी चौक कोटा मोड़ गाड़ी मोड़ते समय पीछे लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए स्कापियो के चालक ने सामने जा रही कार क्रमांक सीजी 07 बीपी, 2415 को टक्कर मार दी।



उसके बाद तेज रफ्तार से भागने के फेर में दो बाइक को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर एक दुकान में घुसा दिया। जिससे आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर स्कार्पियों सवार चारों लोगों को पकड़ लिया। इसी दौरान रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और गाड़ी सहित चारों युवकों को अपने कब्जे में ले लिया। मुलाहिजा कराने पर स्कार्पियो सवार चारों युवक शराब के नशे में पाए गए। हादसे में बाइक सवार एक महिला घायल हुई थी। जो स्वयं इलाज के बाद चली गई है। पुलिस ने सड़क दुर्घटना व शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइवर कृपाल पोर्ते को गिरफ्तार कर गाड़ी जब्त कर लिया है।

### कार की टक्कर से शिक्षक दंपती घायल

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सिरगिट्टी अम्बिका विहार निवासी नारायण सिंह श्याम महेन्द्रगढ़ में शिक्षक हैं। 15 दिसंबर को वे अपनी पत्नी संध्या सिंह श्याम के साथ कोनी से घर वापस जा रहे थे। दोपहर 3 बजे प्रताप टाकीज के पास पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 सीबी, 5101 के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पति पत्नी घायल हो गए हैं।

### तिफरा ओवरब्रिज में कार डिवाइडर से टकराई



पुलिस के अनुसार, शनिवार को देर रात कार क्रमांक सीजी 10 एल, 7717 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए तिफरा फ्लाईओवर के ढलान में डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर तिफरा की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 बीपी, 0092 को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों कार क्षतिग्रस्त हो गई है। डिवाइडर से टकराने पर कार के चालक को मामूली चोट आई है। किसी भी वाहन चालक ने हादसे की रिपोर्ट थाने में नहीं लिखाई है।

### सूने मकान में चोरों का धावा, जेवर नकद ले उड़े

**बिलासपुर।** चोरों ने सूने मकान में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर नकद रकम चोरी कर लिया है। लगातार चोरी के बाद भी पुलिस न तो चोरी रोक पा रही है और चोरों को पकड़ पा रही है। चोरी की वारदातें रात्रि गश्त की पोल खोल रही है। कोनी पुलिस के अनुसार, घुटकू महामाईपारा निवासी मोहन धीवर पिता स्व. खम्हन धीवर 17 दिसंबर को पत्नी के साथ काम के सिलसिले से कोलकाता चले गए थे। घर के दरवाजे में ताला लगाकर उनकी मां व बच्चे अकलतरी चले गए थे। इसी दौरान सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने धावा बोलकर पेटी से 45 हजार रुपए नकद, सोने की माला, सोने के कान की एक जोड़ी, एक जोड़ी पायल, लच्छा, ब्रेसलेट, अंगूठी, दो जोड़ी बिंदिया, कांसे का बर्तन व आलमारी में रखा 15 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया है। 19 दिसंबर को गांव के लोगों ने मोहन धीवर को फोन कर चोरी की जानकारी दी।

# खंजर सहित निगरानीशुदा बदमाश व 4 गुण्डा बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने खंजर सहित निगरानीशुदा बदमाश व 4 गुण्डा बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोनी टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली कि बिरकोना शराब दुकान के पास निगरानीशुदा बदमाश खंजर रखकर लोगों को धमका रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर निरतू निवासी संजय ध्रुव पिता रामावतार ध्रुव 30 साल को पकड़कर खंजर बरामद कर लिया है। उसके



खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले रवि कौशिक पिता स्व. सगरिया कौशिक 26 साल देवनगर, सिद्धांत खरे पिता स्व. दयालदास खरे 22 साल सेंदरी, गोलू मोची पिता फूल सिंह मोची 30 साल तुर्काडीह चौक, दीपक पात्रे पिता रामकुशल 48 साल सेंदरी निवासी को गिरफ्तार धारा 170 के तहत कार्रवाई की गई है।

### युवक पर चाकू से हमला, आरोपी पकड़ से बाहर

शराब के लिए पैसा नहीं देने से एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार चिंगराजपारा जानूबाड़ा निवासी राजा वर्मा 20 दिसंबर को रात 11.30 बजे अपने घर जा रहे थे। इसी समय रास्ते में दिनेश जायसवाल उर्फ छोटा उनसे शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। मना करने पर गाली गलौज कर लात घूंसे से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे कमर के नीचे व गर्दन में चोट आई है। खून से लथपथ होकर वह घर गए तो उनकी पत्नी श्रद्धा वर्मा ने उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। पुलिस ने उनकी पत्नी श्रद्धा वर्मा की रिपोर्ट पर हमलावर दिनेश जायसवाल उर्फ छोटा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152